अति महत्वपूर्ण

निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: / बा0वि0परि0 / कैम्प / 2022–23 दिनांक: 02 अगस्त, 2022

अपर निदेशक (वित्त)
मुख्यालय।

विषय: विभाग में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के नियमित वेतन तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री / मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं के मानदेय के सम्बन्ध में।

संज्ञान में आया है कि विभाग में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों का विगत 04 माहों (माह–अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2022 तक) से वेतन तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री / मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं का नियमित मानदेय समय से नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण कर्मचारी अपने को हतोत्साहित महसूस करता है।

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि माह–अगस्त में कई त्योंहार जैसे–रक्षाबन्धन, मोहर्रम व जन्माष्टमी इत्यादि पड़ रहा है तथा प्रदेश एवं राष्ट्र द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है, जिसके दृष्टिगत अधिकारियों / कर्मचारियों तथा आंगनबाडी कार्यकत्री तथा सहायिकाओं का मनोबल तभी बढ़ सकता है, जब समय से उनका वेतन व मानदेय इत्यादि दिया जाये।

aanganwadi.uttarpradesh.com

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में किन कारणों से इनका वेतन तथा मानदेय इत्यादि समय से नहीं मिल पा रहा है, उक्त समस्या का समाधान करते हुए अपने कुशल नेतृत्व से विभाग / शासन तथा एन0आई0सी0 से समन्वय बनाते हुए अगले 03 कार्यदिवसों में इस समस्या का समाधान कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(कपिल सिंह)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या: सी-51 / बा0वि0परि0 / कैम्प / 2022–23 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी / प्रभारी, उ0प्र0।
3. कार्यालय प्रति।

02/08/2022

(कपिल सिंह)
निदेशक

1